Regarding stoppage of Telangana Express and Kerala Express at Dholpur Railway Station-laid

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र करौली एवं धौलपुर दोनों जिलों के हजारों युवा रोजगार के संबंध में हैदराबाद, सिकंदराबाद, एवं दक्षिण सहित भारत के अन्य क्षेत्र केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु में आते जाते हैं। उक्त दोनों क्षेत्रों में रेल ही आवागमन का महत्वपूर्ण साधन है। परन्तु तेलंगाना एक्सप्रेस (12723-12724) एवं केरला एक्सप्रेस (12625-12626) का ठहराव धौलपुर रेलवे स्टेशन पर नहीं होने के कारण लोगों को आगरा अथवा ग्वालियर जाकर उक्त रेल में बैठना पडता है, जिससे क्षेत्र वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इन ट्रेनों का ठहराव धौलपुर रेलवे स्टेशन पर करने की कृपा करें जिससे क्षेत्र वासियों को रेल सुविधा का सरलता से लाभ मिल सके।